भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 438
उत्तर देने की तारीख 05 फरवरी, 2024
सोमवार, 16 माघ, 1945 (शक)

## स्किल इंडिया डिजिटल का आकलन

**438. श्री जगन्नाथ सरकार:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या सरकार ने भारत में कौशल विकास, शिक्षा, रोजगार उद्यमशीलता हेतु एक व्यापक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इसकी शुरुआत से अब तक इसके प्रभाव और पहुंच का आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या स्किल इंडिया डिजिटल में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों को एकीकृत करने हेतु राज्य सरकारों, विशेषकर पश्चिम बंगाल शैक्षणिक संस्थानों और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग अथवा साझेदारी की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

## उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) और (ख) भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन (सिम) के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) विभिन्न स्कीमों अर्थात प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों/संस्थानों के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से देश भर में समाज के सभी वर्गों के लिए कौशल, पुनर्कौशल और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करता है। सिम का उद्देश्य भारत के युवाओं को उद्योग-प्रासंगिक कौशल के साथ भविष्य के लिए तैयार करने में सक्षम बनाना है।

स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) को 13 सितंबर, 2023 को शिक्षार्थियों, क्षेत्र कौशल परिषदों, ज्ञान प्रदाताओं, सामग्री भागीदारों, प्रशिक्षण भागीदारों, नियोक्ताओं, कौशल केंद्रों, प्रशिक्षकों, आकलनकर्ताओं, आकलन एजेंसियों, मान्यता प्रदाय निकायों और वित्तीय संस्थानों सहित लाभार्थियों की एक विस्तृत श्रृंखला को लक्षित करने वाली सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करने के लिए एकीकृत मंच के रूप में शुरू किया गया था। एक केंद्रीकृत डिजिटल मंच के रूप में, एसआईडी पहुंच बढ़ाने, समावेशिता को बढ़ावा देने और कौशल, इकोसिस्टम के

भीतर कई हितधारकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मौजूदा सरकारी स्कीमों के साथ एकीकृत करता है।

31 जनवरी, 2024 तक, कुल 15,94,652 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है, 4,21,170 मोबाइल ऐप डाउनलोड किए गए हैं और 3,14,393 उम्मीदवारों ने एसआईडी पर ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन किया है। एसआईडी में 522 ऑनलाइन पाठ्यक्रम हैं, जिनमें शिक्षार्थियों के लिए 1,88,499 मिनट की डिजिटल विषय सामग्री आसानी से उपलब्ध है।

(ग) और (घ) भारत के कौशल परिदृश्य के लिए एकीकृत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) होने के नाते स्किल इंडिया डिजिटल की परिकल्पना केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर उनकी कौशल पहलों/स्कीमों को मंच पर सूचीबद्ध करने के लिए की गई है। तदनुसार, एसआईडी पर एक सुविधा विकसित की गई है जो केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों को मंच पर अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को शामिल करने और प्रबंधित करने में सक्षम बनाती है। 50 से अधिक राज्य कौशल स्कीमें पहले से ही स्किल इंडिया डिजिटल पर शामिल हैं।

इसके अलावा, 31 जनवरी 2024 तक, विभिन्न राज्यों में स्थित 15,000 से अधिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को स्किल इंडिया डिजिटल पर शामिल किया गया है, जिसमें प्रवेश-सत्र 2023 में इन आईटीआई में 13 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने प्रवेश लिया है। पश्चिम बंगाल के 311 आईटीआई में स्किल इंडिया डिजिटल पर प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों की संख्या 41,595 है।

*****